**अध्यक्ष महोदय :** बस, अब नहीं ।

**श्री मधु लिमये :** अध्यक्ष महोदय, मेरा विनम्र निवेदन आप सुन तो लें ।

**अध्यक्ष महोदय :** सुन लिया है ।

**श्री मधु लिमये** पूरी बात में पांच मिनट के अन्दर रख दूंगा ।

**श्री नुत्याल राव** (महबूबनगर) : माननीय सदस्य कारंवाई में बाधा डाल रहे हैं . . .

**अध्यक्ष महोदय :** दस बार मैं कह चुका हूं उनको कि जो सवाल यहां खत्म हो . उसको मैं बार बार रखने की इजाजत नहीं दे सकता हूं ।

**श्री मधु लिमये:** यह हुआ नहीं है । मैंने अलग सवाल उठाया है, वह अभी खत्म नहीं हुआ है ।

**अध्यक्ष महोदय :** मैं आपको मना कर रहा हूं तब भी आप बोले चले जायेंगे ।

**श्री मधु लिमये :** मेरी बात तो आगे आयेगी, अभी तो मैं केवल पृष्ठभूमि बतला रहा था ।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं, नहीं । अब मैं और कुछ नहीं कहने दे सकता ।

**श्री मधु लिमये :** यह गैर कानूनी काम हो रहा है । इसलिये मैं ने कहा कि कोई अधिकार नहीं है हमें इस तरह की कारंवाई करने का ।

**अध्यक्ष महोदय :** अब आप अपनी बात खत्म करेंगे या नहीं ।

**श्री मधु लिमये :** मैं तो यही कहना चाहता हूं कि यह कानून की बात है ।

**अध्यक्ष महोदय :** इस में कानून की कोई बात नहीं है ।

**श्री मधु लिमये :** आप मेरी बात तो सुन लें ।

**अध्यक्ष महोदय :** आप ने बात की व्यवस्था की । मैं ने व्यवस्था वाली बात सुन ली । आप ने कोई नया प्वाइंट नहीं बतलाया ।

**श्री मधु लिमये :** मैं पांच मिनट में खत्म कर दूंगा और कभी भी बाद में इस मसले को नहीं उठाऊंगा ।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं, अब और इस पर बहस नहीं हो सकती ।

**श्री मधु लिमये :** यहां पर ऐसा क्यों हो रहा है ।

**श्री रामसेवक यादव :** माननीय सदस्य की बात सदन को सुन लेनी चाहिये

अगर यहां कुछ कहा जाता है और आप कहते हैं कि इस से कार्य में रुकावट पड़ती है, तो यह तो बड़ी विचित्र बात है ।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं अब कुछ नहीं ।

---

12.51 hrs.

## ESTIMATES COMMITTEE

### SEVENTY-FOURTH REPORT

**Shri A. C. Guha** (Barasat): I beg to present the Seventy-fourth Report of the Estimates Committee on the Ministry of Home Affairs—Directorate of Manpower, and Institute of Applied Manpower Research, New Delhi.

---

12.51½ hrs.

## COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

### FIRST REPORT

**Shri P. G. Menon** (Mukundapuram): I beg to present the First Report of